## सिटी ब्रीफ

### सुशीला विनिता बनीं बरेली की बीएसए

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को हापुड़ की डीआईओएस सुशीला विनिता को बरेली की बीएसए पद पर स्थानांतरित किया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि सुशीला विनिता को समूह-3 से समूह-4 में पदस्थापित किया जा रहा है। शासन ने यह निर्देश भी दिया है कि अधिकारी अपने नवनियुक्त स्थान पर तुरंत कार्यभार ग्रहण करें। सुशीला विनिता के कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले में शैक्षिक योजनाओं, निरीक्षण कार्यों और शिक्षकों से जुड़े प्रशासनिक मामलों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### ग्रास मंडी की डामर सड़क बननी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया में ग्रास मंडी की अधूरी सड़क अब बननी शुरू हो गई है। शुक्रवार से डामर सड़क डालने का काम शुरू हो गया है। करीब एक सप्ताह पहले दो टुकड़ों में सीसी रोड डाली गई थी। अब डामर सड़क बनने से ग्रास मंडी समेत अन्य कॉलोनियों में रहने और यहां आने वाले लोगों को काफी फायदा होगा। हालांकि अभी सीसी रोड के किनारे मिट्टी नहीं डाली गई है, जिसकी वजह से एक साथ दोनों तरफ से चार पहिया वाहन गुजरने में दिक्कत होती है। वहीं चौकी के आगे डामर सड़क बनने से इसके जल्द खराब होने के भी अधिक चांस हैं, क्योंकि यहां डेयरी वाली पानी सड़क पर ही बहाते हैं।

### टॉपर्स वेबसाइट से प्राप्त करें फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने वाले टॉपर्स और शोधार्थियों को फोटो उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पिक्चर गैलरी में समारोह के फोटो अपलोड किए गए हैं। यहां से छात्र व अन्य मुफ्त में फोटो प्राप्त कर सकते हैं।

## वार्षिकोत्सव में झलके देशभक्ति के रंग



माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र। ● अमृत विचार

# नाली में गंदगी बहाने वाली डेयरियों से वसूला जाएगा जुर्माना, होंगी सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह टीमों ने गोपनीय सर्वे कर नगर आयुक्त को सौंपी रिपोर्ट निगम ने तैयार की कार्ययोजना

**अमृत विचार :** शहर में नगर निगम के स्वच्छता अभियान को डेयरियां पलीता चला रही हैं। तमाम चेतावनी के बाद भी डेयरी संचालक खुले में पशुओं को छोड़ रहे हैं।

डेयरी से निकलने वाली गंदगी को भी नाले में बहाया जा रहा है। अब निगम ने डेयरी संचालकों पर भारी जुर्माना डालने के साथ ही सीलिंग की कार्रवाई करने की भी तैयारी कर ली है।

नगर आयुक्त ने पूर्व में ही पर्यावरण विभाग की 6 टीमों का गठन कर गोपनीय सर्वे कर डेयरी संचालकों की निगरानी कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे जिस पर टीमों ने जो रिपोर्ट अब तक दी है, इसके अनुसार शहर में करीब 450 से अधिक छोटी-बड़ी डेयरियां संचालित हैं, जिनसे रोजाना सैकड़ों पशु सुबह से ही डेयरियों से बाहर छोड़ दिए जा रहे हैं।

इन पशुओं के सड़कों पर विचरण करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और हादसों का भी डर बना हुआ है। नगर आयुक्त ने इस रिपोर्ट के बाद अब इन टीमों को निर्देश दिए हैं कि जो डेयरी संचालक गंदगी को नाले में बहा रहे हैं और पशुओं को सड़कों पर छोड़ रहे हैं। इनके दोषी पाए जाने पर सीधे चालान काटा जाए और कार्रवाई में कोई ढिलाई न बरती जाए।

> छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान जारी है। वहीं टीमें डेयरी संचालकों की निगरानी भी कर रही हैं। टीमों को अनियमितता मिलने पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।
>
> – संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# म्यूजिकल फाउंटेन में लेजर बीम के साथ गूंजेंगे गीता के श्लोक

## बीडीए 30.75 करोड़ रुपये से विकसित कर रहा सेंट्रल पार्क, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अगले सप्ताह शिलान्यास कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) लगातार अपनी आवासीय योजनाओं में आमजन को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में बीडीए की महत्वाकांक्षी ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में आधुनिक सुविधाओं से लैस सेंट्रल पार्क स्थापित करने की कवायद को अंतिम रूप दे दिया है। खास बात ये है कि ये कोई आम पार्क नहीं होगा। इस पार्क में आस्था, पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के संगम की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। भगवद् गीता के श्लोकों के साथ ही फाउंटेन से फव्वारे उठेंगे और भगवान श्रीराम की वाणी वातावरण में गूंजेगी।



ऐसी होगी बीडीए के सेंट्रल पार्क की झलक। ● अमृत विचार

ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में बीडीए 30.75 करोड़ रुपये के बजट से सेंट्रल पार्क को विकसित करेगा। रामायण वाटिका के उद्घाटन के साथ ही इस पार्क का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की योजना बीडीए ने बनाई है। बीडीए अफसरों के अनुसार इस पार्क में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए ही विशेषज्ञों से डीपीआर समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराई गई हैं। इस पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर शो के साथ ही भगवत गीता के श्लोकों को भी लोग सुन सकेंगे। भगवान श्रीराम की वाणी के रूप में रामायण की चौपाइयां सुनी जा सकेंगीष वृहद स्तर पर पौधरोपण होगा। इनमें औषधीय पौधों के साथ ही छायादार वृक्ष भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा, वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के खेलने के क्षेत्र, ओपन जिम और योगा जोन जैसी सुविधाएं भी पार्क में होंगी। बीडीए ग्रेटर बरेली आवासीय योजना में करीब 98480 वर्ग मीटर में सेंट्रल पार्क विकसित करेगा। पार्क में चहारदिवारी, 50 दुकानें, मुंबई की तर्ज पर स्ट्रीट फूड उपलब्ध कराने के लिए 6900 वर्ग मीटर जमीन पर चौपाटी बनेगी। पार्क के बीच 9850 वर्ग मीटर में जलाशय का निर्माण भी कराया जाएगा।

- सीएम रामायण वाटिका के उद्घाटन संग सेंट्रल पार्क का कर सकते हैं शिलान्यास
- पार्क में आस्था, पर्यावरण संरक्षण और संस्कृति के संगम की दिखेगी अनूठी झलक

> पार्क को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के संगम का संदेश देगा। इसके साथ ही बच्चों के लिए गेमिंग जोन, योगा जोन भी बनेगा। शिलान्यास के बाद पार्क को विकसित कराने का कार्य आरंभ होगा।
>
> – मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष, बीडीए

### लिलौर झील किनारे फैमिली ट्रेन संचालन को एजेंसी की तलाश



**बरेली, अमृत विचार :** कार्तिका पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक लिलौर झील के किनारे शुरू हुई फैमिली ट्रेन के पहिए एजेंसी तय न होने की वजह से थम गए हैं। फैमिली ट्रेन का संचालन नियमित शुरू कराने के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि पर्यटकों से 5 से 10 रुपये टिकट लिया जाएगा। एजेंसी तय होने के साथ टिकट छपने के बाद फैमिली ट्रेन का संचालन शुरू होगा। ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी कोई भी नियमानुसार ले सकता है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने 5 नवंबर को रामनगर स्थित ऐतिहासिक लिलौर झील में फैमिली ट्रेन व ट्रैक का फीता काटकर शुभारंभ किया था। अभी चार डिब्बे की फैमिली ट्रेन चलाने की योजना है। अधिकारियों ने उद्घाटन के मौके पर एक किलोमीटर के दायरे में ट्रेन संचालित करने का दावा किया और इसके बाद में इसे 52 हेक्टेयर की झील के चारों तरफ चलाने की योजना बताई थी। ट्रेन के पहिये उद्घाटन के कुछ दिन बाद थम गए। डीएम ने इस संबंध में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण कार्य एसआईआर की वजह से लिलौर झील की तरफ ध्यान नहीं गया। प्राथमिकता में अभी एसआईआर कार्य है। जल्द एजेंसी तय कर ट्रेन का संचालन शुरू कराया जाएगा। ट्रेन के लिए स्टेशन यार्ड बन रहा है।

# नाथ कॉरिडोर: पशुपति नाथ मंदिर में फोकस वॉल का निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पशुपति नाथ मंदिर में हो रहा फोकस वॉल का निर्माण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पशुपतिनाथ मंदिर में नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत फोकस वॉल और मेन द्वार के निर्माण सहित सौंदर्यीकरण के काम चल रहे हैं। मुख्य द्वार का 30 प्रतिशत काम हो गया है और फोकस वॉल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण समेत अन्य विकास कार्य करीब 3 करोड़ रुपये से मंदिर में विकास कार्य किए जाएंगे।

नाथ कॉरिडोर परियोजना का उद्देश्य बरेली में ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को बढ़ाना और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके तहत शहर के सात प्रमुख शिव मंदिरों को जोड़ा जाएगा। नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर तर्ज पर निर्मित पशुपति नाथ मंदिर पीलीभीत बाईपास-बीसलपुर चौराहा के पास स्थित है। मंदिर परिसर में भगवान शिव के 108 नामों को समर्पित 108 शिवलिंग हैं।

इस मंदिर को वर्ष 2003 में शहर के एक बिल्डर ने बनवाया था। मंदिर की स्थापना में जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती भी आए थे। मंदिर में भैरव मंदिर भी है। मंदिर के चारों ओर सरोवर है। अब इस मंदिर की ख्याति आसपास के जिलों तक पहुंच चुकी है। सोमवार के दिन और सावन के माह में मंदिर में काफी भीड़ रहती है। मंदिर परिसर में ही कैलाश पर्वत बनाया गया है। मंदिर परिसर में रुद्राक्ष और चंदन के वृक्ष भी लगे हुए हैं।

- करीब 3 करोड़ रुपये से किए जाएंगे मंदिर में विकास कार्य

# नगर निगम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पटेल चौक, महादेव पुल समेत प्रेम नगर तक हटाए अवैध होर्डिंग
- निगम की प्रवर्तन टीम ने अभियान के दौरान अतिक्रमण भी हटाया

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख चौराहों या फिर गली-मोहल्ले, किसी ओर नजर घुमाने पर होर्डिंग-बैनर अटे हुए हैं। नगर निगम ने शुक्रवार को व्यापक रूप से अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग बैनरों को हटाया। नगर निगम अवैध होर्डिंग-बैनरों को लेकर लगातार निगरानी कर रहा है, बावजूद इसके प्रमुख चौराहे अवैध होर्डिंग बैनरों से सज रहे हैं। अब इस पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अवैध होर्डिंग बैनरों से शहर की स्वच्छता और सुंदरता प्रभावित होती है। इतना ही नहीं यातायात भी प्रभावित होता है। इसके चलते अवैध-होर्डिंग-बैनर के खिलाफ अब लगातार अभियान जारी रहेगा। अतिक्रमण अभियान के दौरान ही इस अनियमितता पर भी कार्रवाई की जाएगी। निगम की टीम ने शुक्रवार को पटेल चौक से महादेव सेतु होते हुए प्रेम नगर चौराहे तक अवैध प्रचार सामग्री को हटाया। वहीं सड़क किनारे लगे ठेले और फड़ वालों को भी खदेड़ा गया। बताया कि आमजन से अपील है कि यदि कहीं अतिक्रमण या अवैध होर्डिंग देखें तो उसकी सूचना निगम को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# 15 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश का लक्ष्य 21 विभागों को बांटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को एमओयू कराने के दिए निर्देश
- उद्योग विभाग की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के संबंध में डीएम ने की बैठक

**अमृत विचार :** उद्योग विभाग की दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 5.0) के अंतर्गत बरेली को मिले 15 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश के लक्ष्य को पूरा कराने के लिए तैयारियां शुरू हो गयी हैं।

डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक की। डीएम ने लक्ष्य 21 विभागों में आवंटित किया है। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अगले सप्ताह तक ज्यादा से ज्यादा एमओयू कराने के निर्देश दिए।

डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्योग विभाग के उपायुक्त विकास यादव ने बताया कि दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संभावित है। बैठक में बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, नगरीय विकास विभाग, बीडीए, उद्यानिकी विभाग, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात संवर्धन विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, डेयरी विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आबकारी विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, तकनीकी शिक्षा, पशुपालन विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग को लक्ष्य आवंटित किया गया है।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अगर कोई प्रोजेक्ट 2022 से चल रहा है और अभी तक जीबीसी नहीं किया है तो उसे भी शामिल कर सकते हैं। अगले सप्ताह तक ज्यादा से ज्यादा एमओयू कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह, उद्योग मित्र इशानी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** | एनएसजी-2 श्रेणी में शामिल बरेली जंक्शन देश के 100 और प्रदेश के 15 शीर्ष स्टेशनों में किया जाता शुमार

# सुविधा और संरक्षा के चलते यात्रियों की पसंद बना बरेली स्टेशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- जंक्शन पर 230 से अधिक ट्रेनों का आवागमन, 59 प्रमुख ट्रेनों का पांच मिनट ठहराव
- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता देहरादून, लखनऊ और कानपुर को जोड़ती हैं प्रमुख ट्रेनें

**अमृत विचार :** उत्तर भारत के महत्वपूर्ण रेलवे केंद्रों में शामिल बरेली जंक्शन लगातार अपनी सुविधाओं, संरक्षा और यातायात क्षमता के कारण यात्रियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एनएसजी-2 श्रेणी में शामिल यह जंक्शन भारत के शीर्ष 100 तथा उत्तर प्रदेश के शीर्ष 15 स्टेशनों में गिना जाता है। यहां रोजाना औसतन 230 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है, जिसमें मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, प्रीमियम और पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनें शामिल हैं।

रेलवे के अनुसार, इन 230 ट्रेनों में से 59 प्रमुख ट्रेनें ऐसी हैं जो बरेली जंक्शन पर पांच मिनट या उससे अधिक का आधिकारिक ठहराव देती हैं। इनमें देश के विभिन्न महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, देहरादून, अमृतसर, लखनऊ और कानपुर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं। सूची में लालकुआं-हावड़ा सुपरफास्ट, कानपुर सेंट्रल-आनंद विहार एक्सप्रेस, बरेली जंक्शन-जम्मूतवी एक्सप्रेस, रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस, देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस, बांदा-दिल्ली सुपरफास्ट, बेंगलुरु-बरेली-लालकुआं एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख गाड़ियां शामिल हैं जो प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों को यात्रा सुविधा प्रदान करती हैं। रेल प्रशासन का कहना है कि बढ़ते ट्रैफिक के बावजूद जंक्शन पर प्लेटफॉर्म प्रबंधन, सिग्नलिंग, सफाई, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है। बरेली जंक्शन न केवल रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, लखेमपुर-खीरी जैसे जिलों का मुख्य ट्रांजिट पॉइंट है, बल्कि कुमाऊं क्षेत्र के पर्वतीय इलाकों के यात्रियों के लिए भी सबसे सुविधाजनक रेलवे केंद्र है। स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या में निरंतर वृद्धि यह दर्शाती है कि बरेली जंक्शन को रेलवे नेटवर्क में एक मजबूत और रणनीतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं, पांच मिनट से अधिक ठहराव वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को चढ़ने-उतरने, प्लेटफॉर्म बदलने और अन्य सेवाओं का उपयोग करने में अधिक सुविधा होगी।

### सिवान में इंजीनियरिंग कार्य के चलते कई ट्रेनें होंगी प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** सिवान यार्ड में इंजीनियरिंग कार्य के कारण पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल की कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इनमें कुछ ट्रेनों को मार्ग में नियंत्रित किया जाएगा, जबकि कुछ का समय दोबारा निर्धारित किया जाएगा। रेलवे की सूचना के अनुसार 15110 मथुरा जंक्शन-छपरा एक्सप्रेस को 18 नवंबर को निर्धारित मार्ग पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलाया जाएगा। इसी प्रकार 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस भी 19 नवंबर को 15 मिनट नियंत्रित रहेगी। दोनों ट्रेनों की यह देरी अस्थाई है और इंजीनियरिंग कार्य पूरा होने के बाद उनके संचालन में सामान्य स्थिति बहाल कर दी जाएगी। इसके अलावा 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 18 नवंबर को काठगोदाम से प्रस्थान के समय 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाया जाएगा। जबकि 19 नवंबर को यही ट्रेन 90 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि ये परिवर्तन सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।

### कई ट्रेनों में लगेंगे एक-एक अतिरिक्त कोच

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने आठ महत्वपूर्ण ट्रेनों में अस्थायी रूप से एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने की घोषणा की है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार मां वैष्णो देवी धाम कटरा-दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस (14207) में अतिरिक्त स्लीपर कोच 15 से 21 नवंबर तक और दिल्ली-मां वैष्णो देवी धाम प्रयागराज एक्सप्रेस (14208) में 18 से 21 नवंबर तक एक कोच जोड़ा जाएगा। इसके अलावा अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस (14205) 17 से 23 नवंबर तक और दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (14206) भी 16 से 22 नवंबर तक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलेगी। पूर्वांचल क्षेत्र की आनंद विहार टर्मिनल-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस (22420) में 15 से 20 नवंबर तक और गाजीपुर सिटी-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस (22419) में 16 से 21 नवंबर तक एक स्लीपर कोच लगाया जाएगा। इसी प्रकार 22434 आनंद विहार टर्मिनल-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस में 17 से 21 नवंबर तक और 22433 गाजीपुर सिटी-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस में 18 से 22 नवंबर तक यह सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# पारा पहुंचा 9.2 डिग्री सेल्सियस, दो दिन कोल्ड वेव का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रात का तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया
- 15 नवंबर से पहले इतना कम तापमान नहीं रहा, दिन का तापमान भी लुढ़का

**अमृत विचार:** जिले में ठंड का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गया है। रात के साथ दिन में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने दो दिन कोल्ड वेव चलने का अलर्ट जारी किया है।

जिले शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस कम 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो 15 नवंबर से पहले अब तक का सबसे कम रहा है।

वहीं दिन में धूप खिलने के बाद भी अधिकतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम 24.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक रात में तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहने का पूर्वानुमान जताया है।

इसके बाद तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी होगी लेकिन सुबह के समय हल्का कोहरा और धुंध छायी रहेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को ठंड से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है और रात के साथ दिन में भी ठंड बढ़ेगी।

## सिटी ब्रीफ

### धर्म परिवर्तन कराने वाले की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तन करवाने के आरोपी थाना इज्जतनगर के परवाना नगर निवासी नितिन की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सुनील कुमार सिंह व मनोज वाजपेयी ने बताया कि गुलशन बहादुर ने थाना प्रभारी इज्जतनगर को तहरीर देकर बताया कि 28 जुलाई 2024 को करीब 12.30 बजे वह किसी कार्य से परवाना नगर, मुंशीनगर गया था। वहां लोगों ने बताया कि कुछ ईसाई मिशनरी से जुड़े लोग यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहे हैं और नाबालिग गरीब हिन्दू बच्चों को प्रलोभन देकर जबरन उनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। मैंने वहां जाकर देखा। पादरी जोनल ने मुझे एक किताब देकर ईसाई धर्म कबूल करवाया। धोखे में रखकर मेरे धर्म के साथ विश्वासघात किया है। पुलिस ने विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और बीएनएस की सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पादरी प्रेम जोनल, विनोद व नितिन आदि को आरोपी बनाया था।

### ग्राम विकास अधिकारी को जमानत नहीं

विधि संवाददाता, बरेली : भूतपूर्व सैनिक को राशन दुकान आवंटन के लिए प्रस्ताव भेजने के बदले में रिश्वत लेने के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी बदायूं इस्लामनगर निवासी गौरव कुमार सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट कमलेश्वर पांडेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि सुरेश कुमार ने एंटी करप्शन थाने में तहरीर देकर बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक और कारगिल योद्धा हैं। ग्राम पिपरिया में उचित दर विक्रेता की दुकान खाली थी। ग्राम विकास अधिकारी गौरव कुमार ने 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। 5 हजार रुपये एडवांस मांगे। 9 अक्टूबर को ट्रैप टीम ने 5 हजार रुपये रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ लिया था।

# जेबकतरों के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

## युवक की जेब काट कर जेबकतरों ने उड़ाए थे 50 हजार रुपये, पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घायल जेबकतरे का जिला अस्पताल में कराया गया इलाज
- कोतवाली पुलिस ने दोनों जेबकतरों को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल


मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में जेबकतरे।

**अमृत विचार :** पलक झपकते ही ब्लेड से जेब काट कर रुपये गायब करने वाले दो जेबकतरों के साथ कोतवाली पुलिस की शुक्रवार की भोर में मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ में दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से एक जेबकतरा घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार जेबकतरों की पहचान दौलतपुर थाना ठठिया कन्नौज निवासी घायल गोविन्द उर्फ लाला (31) और मेहरुपुर राबी थाना कमालगंज फर्रुखाबाद निवासी टिंकू उर्फ अद्धा (28) के रूप में हुई है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि नौ सितंबर को मोहल्ला रतनपुरी थाना मीरगंज निवासी रघुवीर गुप्ता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि अज्ञात चोरों ने उनकी जेब काटकर 50 हजार रुपये उड़ा दिए। इसी क्रम में 12 नवंबर को कस्बा बिशारतगंज निवासी नरोत्तम साहू ने भी अज्ञात चोरों पर जेब काटकर नौ हजार रुपये चोरी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराए थे। जेब काटकर चोरी करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम रोजाना की तरह शुक्रवार तड़के चौपला चौराहे पर पहुंची। इसी दौरान सूचना मिली कि जेब काटने वाले चोर इस्लामिया ग्राउंड में बने खंडहर में दोबारा से जेब काटने की योजना बना रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर दोनों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली गोविन्द उर्फ लाला के पैर में जा घुसी। पुलिस ने मौके से गोविंद के साथी टिंकू उर्फ अद्धा को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों चोरों से 36 सौ रुपये नकद, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, तीन सर्जिकल ब्लेड, चार साधारण ब्लेड और एक अपाचे बाइक बरामद हुई। गोविन्द उर्फ लाला पर अलग-अलग छह और टिंकू उर्फ अद्धा पर चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

### चोरी कर चलाता था अपना खर्च

पुलिस पूछताछ में गोविन्द ने बताया कि वह 12वीं तक की पढ़ाई किया है। उसके पिता का निधन 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है। वह अपने तीन भाई बहनों व माता के साथ रहता है। गलत संगत में पड़ गया था। छोटी-मोटी चोरी करके अपना खर्च चलाता है। चोरी के रुपये खत्म होने लगते थे तो वह नई चोरी करता था। उधर टिंकू उर्फ अधा ने बताया कि वह कक्षा 5वीं तक पढ़ा है। उसके पिता का भी निधन 18 साल पहले हो चुका है। मजूरी करता है। गलत संगत में पड़ने से चोरी कर अपना खर्चा चलाता था।

> लोगों की जेब काट कर रुपये चोरी करने वाले दो चोरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिए गए।
>
> -आशुतोष शिवम, सीओ प्रथम

### दो जेबकतरे गिरफ्तार, तमंचा और चाकू बरामद

बरेली, अमृत विचार : बारादरी पुलिस ने सुरेश शर्मा नगर चौराहे के पास ई-रिक्शा पर सवार होकर लोगों की जेब काटने वाले दो जेबकतरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम महरूपुर रावी फरुर्खाबाद निवासी अजीत कुमार और आकाश उर्फ मानी के रूप में हुई है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने बताया कि जेब काटने का पुस्तैनी धंधा है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पूछताछ में चौकाने वाला खुलासा हुआ। दोनों ने बताया कि जेब काटने का काम पुस्तैनी धंधा है। घर के सभी सदस्य घूम-घूमकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मैरिज लॉन, सभा और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की जेब काटते हैं। साथ ही टैंपू में सवारी बनकर भी साथ बैठे लोगों की जेब काटते हैं। जेब काटने के बाद कुछ दिनों के लिए जिले को छोड़ कर फरार हो जाते हैं, जिससे पकड़ में नहीं आते। दूसरे जनपद में पहुंचकर वहां हुलिया बदल कर फिर से वही काम शुरू कर देते हैं। अजीत कुमार पर छह और आकाश उर्फ मानी पर सात आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

# जिला अस्पताल में आग से बचाव की मॉकड्रिल की


अस्पताल में मॉकड्रिल करते कर्मचारी।

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शुक्रवार को आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान अस्पताल के कर्मचारियों को आग से निपटने और बचाव के प्रति जागरूक किया गया। अस्पताल प्रबंधक पूजा चौहान ने बताया कि अस्पताल के सभी वार्डों में आग से निपटने के लिए उपकरण लगे हुए हैं। अगर अस्पताल में आगजनी होती है तो इस पर तुरंत काबू पाया जा सके इसके लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाती है।

जिला अस्पताल के प्रभारी एडीएसआईसी डॉ. एएम अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में फायर पंप भी स्थापित है। वहीं इस प्रकार से मॉक ड्रिल के दौरान जो उपकरण अस्पताल में लगे हैं इनकी भी जांच हो जाती है। कर्मचारियों से इन उपकरणों का संचालन कराया जाता है जिससे यह भी पता लगता है कि कर्मचारी आग बुझाने के प्रति कितने प्रशिक्षित हैं।

# चेकिंग के दौरान संविदा परिचालक ने एटीआई को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चार सवारी बिना टिकट होने का पता चलने पर परिचालक ने ईटीएम मशीन भी छीनी
- रिठौरा में गुरुवार शाम हुई घटना, परिचालक के खिलाफ हाफिजगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** सवारियों को बिना टिकट यात्रा करा रहे संविदा परिचालक विनोद कुमार ने चेकिंग के दौरान सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) भानु प्रताप से अभद्रता की और जब उसने विरोध किया तो मारपीट करते ईटीएस मशीन छीन ली। एटीआई की तहरीर पर परिचालक के खिलाफ हाफिजगंज थाने में बस का निरीक्षण के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने, जाने से मारने की धमकी देने समेत कई गंभीर आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना गुरुवार शाम करीब चार बजे रिठौरा टोल के पास हुई। एटीआई भानु प्रताप ने शाम करीब चार बजे चेकिंग के दौरान टोल के पास टनकपुर से बरेली आ रही रुहेलखंड डिपो की बस संख्या यूपी 14 एफटी 3265 को चेकिंग के लिए रोका। बस रुकने के बाद उसने यात्रियों की गणना की तो 35 यात्री मिले, जबकि मशीन में 31 यात्रियों के ही टिकट बने थे। चार यात्री बिना टिकट होने पर लिखा-पढ़ी करना शुरू की तो परिचालक ने ईटीएम मशीन छीन ली। एटीआई के मुताबिक परिचालक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि बिना टिकट का मामला किसी कीमत पर नहीं लिखा जाएगा।

आरोप है कि जब परिचालक से ईटीएम मशीन देने को कहा तो अभद्रता करते हुए धमकी दी उसने कोई रिपोर्ट उच्चाधिकारियों या फिर पुलिस को दी, तो उसे गोली मार देगा और एससी-एसटी एक्ट में फंसा देगा। आरोप बस चालक अमित कुमार पर है कि उसने भी परिचालक का सहयोग किया और धमकाया। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आ चुका है। एआरएम रुहेलखंड को कार्रवाई करने के निर्देश हैं। वहीं, एटीआई की तहरीर पर हाफिजगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पहले पीटा, अब समझौते का बनाया जा रहा दबाव

बरेली,अमृत विचार : सैटेलाइट बस स्टैंड पर चालक दिलीप सैनी से मारपीट करने वाले दूसरे चालक चरन सिंह पर सख्त कार्रवाई करने का दावा करने वाले अफसर अब बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इधर, चालक का आरोप है कि मारपीट करने वाला चालक और विभाग के कुछ बाबू ही उस पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। ऐसा नहीं करने पर उल्टा उसके खिलाफ ही शिकायतें कराकर कार्रवाई की बात कह रहे हैं दिलीप सैनी और चरन सिंह दोनों रुहेलखंड डिपो में संविदा चालक हैं। दोनों ही बरेली से टनकपुर रोड पर बस का संचालन करते हैं। दिलीप के मुताबिक 11 नवंबर को सुबह सैटेलाइट बस स्टैंड पर वह बस लेकर टनकपुर जाने के लिए खड़ा था। इस दौरान अचानक चरन सिंह पहुंचा और बस आगे बढ़ाने की बात कहने लगा। इससे इंकार करने पर वह गाली देने लगा, जब मना किया तो उसने अन्य साथियों को बुला लिया और मारपीट की। घटनाक्रम की जानकारी तत्काल ही सैटेलाइट बस स्टैंड के प्रभारी और एआरएम को दी गई। इसके अलावा बारादरी पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दिलीप का मेडिकल कराया, लेकिन अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। दिलीप का आरोप है कि विभागीय कर्मी उस पर लगातार समझौता करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि चालक चरन सिंह की कार्रवाई न करने के लिए उस पर झूठा केस लगाने की धमकी दे रहा है। एआरएम रुहेलखंड डिपो अरुण वाजपेयी का कहना है कि घटनाक्रम की जानकारी है। प्रथम दृष्टया आरोप ठीक मिले हैं। चालक चरन सिंह पर कार्रवाई की जाएगी।

# तौकीर की जमानत अर्जी पर सेशन कोर्ट में सुनवाई 17 को

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को बवाल कराने के मुख्य आरोपी आईएमसी मुखिया तौकीर रजा खां की कोतवाली थाने में दर्ज तीन मुकदमों में जमानत अर्जी पर मुल्जिम के वकील की स्थगन अर्जी आ जाने के कारण शुक्रवार को सुनवाई फिर टल गयी। अदालत ने सुनवाई को 17 नवंबर की तिथि नियत की है।

केस से संबंधित प्रपत्र कोर्ट में न आ पाने के कारण गुरुवार को सुनवाई टल गयी थी। ज्ञात हो कि 26 सितंबर को शहर में जुमे की नमाज के बाद तौकीर के आह्वान पर एकत्रित भीड़ ने जमकर हंगामा काटा था। पुलिस पर भी जानलेवा हमला किया था। इस मामले में कोतवाली, बारादरी, किला समेत कई थानों में 13 मामले दर्ज हुए थे, तौकीर को सभी मामलों में आरोपी बनाया था। जिला जज ने मौलाना समेत दंगे के सभी आरोपियों की जमानत अर्जियां अपर सत्र न्यायाधीश 5 की अदालत में ट्रांसफर कर दी थीं।

# बड़ा भाई बोला, शुभम मेरे जिगर का टुकड़ा था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों वीकेंड पर मिलने वाले थे जान देने से पहले फोन पर किसी से की आधा घंटा बात
- जिसकी वजह से शुभम ने जान दी उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए पुलिस जांच में जुटी


भाई विपिन जानकारी देते हुए।

**अमृत विचार :** एयरफोर्स स्टेशन परिसर स्थित कार्यालय में सर्विस पिस्टल से माथे पर गोली मारकर जान देने वाले वायु सैनिक शुभम कुमार के बड़े भाई और बरेली में ही सेना तैनात विपिन कुमार ने कहा कि उसका भाई उसके जिगर का टुकड़ा था। दोनों इस वीकेंड पर मिलने वाले थे, लेकिन पता नहीं किन हालातों में उनसे खुद को गोली मारकर जान दे दी। जान देने से पहले उसकी किसी से फोन पर आधा घंटा बात हुई है। इसके बाद ही उसने जान दी है। उन्होंने कहा कि जिसकी वजह से उसके भाई ने जान दी है, उसे भी कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उधर, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मृतक वायु सैनिक की काल डिटेल निकलवाकर आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है।

शुभम के भाई विपिन ने बताया कि घटना सुबह लगभग 5:30 बजे हुई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने परिजनों को करीब सात बजे सूचना दी। विपिन खुद बरेली में आर्मी में तैनात हैं। जानकारी मिलते ही वह फौरन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। विपिन ने बताया कि शुभम की एयरफोर्स में भर्ती वर्ष 2020 में हुई थी। उनकी पहली पोस्टिंग बड़ोदरा (गुजरात) में और दूसरी पोस्टिंग बरेली में रही। वर्ष 2024 से वह एयरफोर्स स्टेशन बरेली में तैनात थे। शुभम की अभी शादी नहीं हुई थी। फरवरी में उनकी बड़ी बहन की शादी तय थी। जबकि, शुभम के बड़े भाई विपिन कुमार भारतीय सेना में हवलदार के पद पर तैनात हैं। हाल ही में उनकी पोस्टिंग वेस्ट बंगाल से बरेली में हुई थी। गुरुवार को ही दोनों भाइयों की व्हाट्सऐप पर बातचीत हुई थी। वीकेंड पर मिलने का प्लान था। विपिन ने बताया कि दोनों भाई काफी खुश थे, क्योंकि दोनों की पोस्टिंग एक ही शहर में हो गई थी। जनवरी में छुट्टी लेकर बहन की शादी की तैयारियां करने की योजना भी बनी थी।

# पीएनबी ने रिटेल ऋण उत्पादों के बारे में दी जानकारी

- पंजाब नैशनल बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की ओर से शुक्रवार को स्प्रिंगडेल स्कूल में मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम ग्राहकों को बैंक के रिटेल ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें डिजिटल और पारंपरिक दोनों प्रकार की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महिपाल सिंह यादव ने किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएनबी प्रधान कार्यालय से आए उप महाप्रबंधक आलोक कपूर तथा मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने बताया कि बैंक ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप विभिन्न प्रकार के रिटेल ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध करा रहा है, जिससे आम जनता को आर्थिक सहायता मिल सके। शाखा स्प्रिंगडेल के शाखा प्रमुख हेत राम भारती ने बैंक के डिजिटल ऋण उत्पादों एवं त्वरित ऋण स्वीकृति प्रक्रिया की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

साथ ही मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे और मुख्य प्रबंधक धरिंदर तिवारी ने बैंक के विभिन्न रिटेल ऋण उत्पादों तथा बैंक द्वारा अनुमोदित आवासीय प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलपी बरेली प्रमुख अनुभव वर्मा सहित विभिन्न स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कई ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे और बैंक की योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया।

# जमीन कब्जाने पहुंचे दबंगों ने सोबती से की अभद्रता

**बरेली,अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र स्थित जमीन पर दबंगों ने कब्जा करने की कोशिश की। इसका सोबती कॉम्प्लेक्स के मालिक चरन पाल सिंह सोबती ने विरोध किया तो उनके साथ दबंगों ने अभद्रता की। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन निवासी चरन पाल सिंह सोबती ने बताया कि जमीन उन्होंने 1998 में नैनजीत सिंह से खरीदी थी। आरोप है कि एक अक्टूबर की शाम उनके मैनेजर को एक नंबर से व्हाट्सएप पर इकरारनामों से जुड़े दस्तावेज भेजे गए। सामने आए व्यक्ति ने खुद को नूर हसन बताते हुए दावा किया कि जमीन के दो इकरारनामे पहले ही बन चुके हैं और वह जमीन मुनासिब दाम पर बेच सकता है। जब चरन पाल ने प्रस्ताव ठुकराया तो नूर हसन अपने बेटे ताहिर और पत्नी के साथ उनके ऑफिस में जाकर दबाव बनाने लगा। अगले दिन नूर हसन, ताहिर और उनके साथियों ने दर्जनों लोगों के साथ मिलकर जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। विरोध पर चौकीदार के साथ मारपीट की गई। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो कब्जा विफल हो सका। गिरोह खाली पड़ी जमीनों पर कब्जा कर फर्जी दस्तावेज तैयार करता है और इनके खिलाफ कई मुकदमे लंबित हैं। साथ ही राजनीतिक साख के कारण उनकी शिकायत पहले दर्ज नहीं की गई। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गन्ना लदे वाहनों पर बांधा जाएगा लाल कपड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रिफ्लेक्टर लगे लाल रंग के कपड़े के फायदे बताते आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा।

- घने कोहरे में हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने की तैयारी

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने सर्दी में कोहरे के दौरान हादसे से बचाव के लिए गन्ना लेने जाने वाले दो हजार वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर वाला लाल कपड़ा बांधने की तैयारी की है।

आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने बताया कि घने कोहरे के दौरान चीनी मिलों में गन्ने की ढुलाई के समय हादसे का डर रहता है। सड़क पर आगे चल रहे वाहन दिलाई नहीं देते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए तैयारी की है। दो हजार गन्ने के वाहनों पर लाल कपड़ा बांधकर और उस पर रिफ्लेक्टर लगाया जाएगा। इनमें केवल वही शामिल होंगे, जो सेंटर से चीनी मिल गन्ना लेकर जाते हैं। इसके बाद सीमेंट ले जाने वाली ट्रालियों पर इसका प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई जा चुकी है। चीनी मिल प्रबंधकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि चीनी मिलों की ओर से मिल गेट और क्रय केंद्रों पर गन्ना ढुलाई वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने का अभियान चलाया जाए।

# ससुर ने दामाद को पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में ससुर ने अपने दामाद के घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मलूकपुर मौर्य मंदिर निवासी रितिक मौर्य ने बताया कि उसकी पत्नी बिना बताए अपनी बहन के घर गयी थी। उन्होंने पत्नी को बहनोई से बात नहीं करने की हिदायत दी थी। 12 नवंबर को पीलीभीत निवासी ससुर इतवारी लाल मौर्य और शाहजहांपुर निवासी रिंकू उनके घर आए और उनके साथ मारपीट की।

### राजेन्द्र बने कांग्रेस बरेली मंडल के कोऑर्डिनेटर

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ''यूपी की बने आवाज'' परीक्षा पास करके जिले के प्रवक्ता बने राजेन्द्र सागर को अब बरेली मंडल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर कोआर्डिनेटर बनाए गए राजेन्द्र सागर ने राहुल गांधी और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण से पार्टी को मजबूती देने एवं नए युवाओं को जोड़ा जाएगा। अंशु अवस्थी, डॉ. केबी त्रिपाठी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, असलम चौधरी, अवनीश बख्शी, इकबाल सिंह बाले, उमेश आर्या, जुनैद हुसैन, संगीता, कौशल आदि ने राजेन्द्र को बधाई दी।

# नौ थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज और दरोगा समेत 119 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कर्मचारी नगर और सुभाषनगर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**अमृत विचार :** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने शुक्रवार सुबह नौ थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज और दरोगा समेत 119 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर कर दिया। चौकी प्रभारी कर्मचारी नगर सतीश कुमार और सुभाषनगर चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। अमित कुमार को कर्मचारी नगर और जगत सिंह को सुभाषनगर चौकी इंचार्ज बनाया है।

एसएसपी ने दो तबादला सूची जारी की हैं। एसएसपी ने बताया कि इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम को प्रेमनगर से कोतवाली, अमित कुमार पांडेय को कोतवाली से भोजीपुरा, प्रवीण कुमार सोलंकी को भोजीपुरा से हाफिजगंज, पवन कुमार को हाफिजगंज से बहेड़ी, संजय तोमर को बहेड़ी से मीरगंज, प्रयागराज सिंह को मीरगंज से प्रेमनगर, प्रदीप कुमार चतुर्वेद को एएचटी से सीबीगंज का थाना प्रभारी बनाया है। सीबीगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह को क्राइम ब्रांच और कोतवाली एसएसआई संतोष कुमार सिंह को एएचटी का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा अरविंद सिंह को आंवला, भारत सिंह को कैंट, सुरेंद्र कुमार को किला, तारिक खान को बारादरी, राजेश कुमार को शाही, रणजीत सिंह को इज्जतनगर, आदेश कुमार को कोतवाली, लव सिरोही को बिथरी चैनपुर, अजय सिंह को शीशगढ़, रविंद्र नैन को बहेड़ी क्राइम इंस्पेक्टर बनाया गया। इसके विपिन कुमार को बिथरी चैनपुर से क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग, लोकेंद्र पाल सिंह को प्रभारी डीसीआरबी, राजीव कुमार को प्रभारी फील्ड यूनिट, राजीव कुमार को पीआरओ एसएसपी, महिला इंस्पेक्टर निधि चौधरी को प्रभारी एसजेपीयू और पूनम राठी को एंटी रोमियो सेल का जिम्मा दिया है। इसके अलावा इंस्पेक्टर नरेश कश्यप को प्रभारी सम्मन सेल, उत्तम कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार शर्मा को क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग में भेजा गया है।

### 18 चौकी इंचार्ज हटाए तो कई को मिली नई जिम्मेदारी

शाही थाने से एसआई धर्मेंद्र कुमार को कोतवाली, पुलिस लाइन से मनोज कुमार को बारादरी, राजीव कुमार को बिशारतगंज, अर्जुन सिंह को सिरौली, श्रीपाल सिंह को थाना सिरौली, प्रभारी फील्ड यूनिट राम रतन सिंह को चौकी प्रभारी चुडैली धाम, बहेड़ी, पुलिस लाइन से असगर अली जैदी को बिशारतगंज, बेगराज सिंह को सीबीगंज, संजीव कुमार को शाही, चौकी प्रभारी बड़ागांव, सिरौली आकाश कुमार को हाफिजगंज, पुलिस लाइन से अवधेश कुमार को चौकी प्रभारी बड़ा गांव, चौकी प्रभारी किला मनोज कुमार को थाना भोजीपुरा, वीर सिंह को चौकी प्रभारी गैनी, अलीगंज, चौकी प्रभारी गैनी प्रणव श्रोत्रिय को चौकी प्रभारी किला बनाया गया है। पुलिस लाइन से दुरेश चंद्र को, सुभाष नगर, मलखान सिंह को किला, जयप्रकाश को सीबीगंज, जवाहर सिंह को प्रेम नगर, चौकी प्रभारी डेलापीर दीपक वर्मा को अलीगंज थाने, चौकी प्रभारी दुनका सुधीर कुमार को चौकी प्रभारी डेलापीर, जोगी नवादा चौकी प्रभारी मुनेंद्र पाल को चौकी प्रभारी दुनका, अमित कुमार को चौकी प्रभारी जोगी नवादा, पुलिस लाइन से असगर हुसैन को सुभाष नगर, सुरेश चंद्र को फरीदपुर, विनोद कुमार शर्मा को फतेहगंज पश्चिमी, चौकी प्रभारी बैरियर 1 ब्रह्मपाल सिंह को भमोरा थाने, नरेश कुमार को चौकी प्रभारी बैरियर वन, चौकी प्रभारी बैरियर टू मोहित कुमार को थाना नवाबगंज, मोहित कुमार को चौकी प्रभारी बैरियर टू, सहेंद्र सिंह को कोतवाली, धर्मेंद्र कुमार को बहेड़ी और नेपाल सिंह को अलीगंज थाने भेजा गया है। पुलिस लाइन से चंद्रपाल सिंह को बारादरी, चौकी प्रभारी बंजरिया संजय कुमार को इज्जतनगर, राकेश कुमार को चौकी प्रभारी बंजरिया, केशव कुमार को देवरनिया, वीर सिंह को भोजीपुरा, राजपाल सिंह को भमोरा, मोहम्मद इश्हाक को आंवला, कृष्ण पाल को देवरनिया, संजय कुमार को कैंट, सतपाल सिंह को फतेहगंज पश्चिमी, सुंदर सिंह को बारादरी, रविंद्र सिंह को बहेड़ी, साकिर हुसैन को फरीदपुर, ज्ञानवीर सिंह को बहेड़ी, चौकी प्रभारी न्यू जिला जेल विकेश कुमार को भुता थाने, वीरेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी न्यू जिला जेल, सुभाष चंद्र को सिरौली, दिनेश कुमार को हाफिजगंज, राजेंद्र कुमार को क्योलड़िया, सुभाष चंद्र को हाफिजगंज, धर्मेंद्र पंवार को बहेड़ी, भूदेव सिंह को अलीगंज, राजेंद्र कुमार शर्मा को हाफिजगंज, प्रवीण कुमार को फतेहगंज पश्चिमी, राजकुमार को नवाबगंज थाने भेजा है। परसाखेड़ा चौकी प्रभारी सौरव को चौकी प्रभारी देवरनियां, धर्मेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी परसाखेड़ा, चौकी प्रभारी देवरनियां जितेंद्र कुमार को भोजीपुरा, संजीव कुमार को नवाबगंज, प्रहलाद सिंह को बहेड़ी, बृजेश कुमार को भोजीपुरा, चौकी प्रभारी नवाबगंज पुनीत कुमार को भुता थाने, सुनील कुमार को चौकी प्रभारी नवाबगंज, अनूप कुमार और समरपाल सिंह को बहेड़ी थाने, चौकी प्रभारी रजऊ पवन कुमार को चौकी प्रभारी कुंरा कोठी, मुकेश कुमार को चौकी प्रभारी रजऊ, प्रवीण सिंह को बारादरी थाने, ईला सिंह को महिला सहायता प्रकोष्ठ परिवार परामर्श केंद्र, चंद्रपाल सिंह को भोजीपुरा, कुलदीप यादव को बारादरी थाने भेजा गया है। चौकी प्रभारी कोहाड़ापीर प्रमोद कुमार को प्रेमनगर, धर्मेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी कोहाड़ापीर, कुंवरपाल सिंह को कार्यालय यूपी 112, राधा कृष्ण को कोतवाली, योगेंद्र कुमार को नवाबगंज थाने, न्यायालय सुरक्षा संतवीर सिंह को न्यायिक सम्मन सेल भेजा गया है। चौकी प्रभारी जिला अस्पताल रुचि सोलंकी को कोतवाली, सुदीप बघेल को चौकी प्रभारी जिला अस्पताल, राहुल चौधरी को बारादरी थाने, विजय सिंह को यूपी 112, अंजू को आंवला, अंजली को अलीगंज और मानसी चौधरी को कैंट थाना भेजा गया है।

### भाजपा पार्षदों की शिकायत पर हटाए गए सीबीगंज प्रभारी

चोरी की घटनाएं रोकने में नाकाम रहे सीबीगंज इंस्पेक्टर सुरेंद्र पाल सिंह को भाजपा पार्षदों की शिकायत पर हटाया गया है। फरियादियों के फोन करने ओर भाजपा कार्यकर्ताओं का फोन न उठाने के भी इंस्पेक्टर पर आरोप लगे थे। भाजपा कार्यकर्ताओं को अनदेखा व सीयूजी नंबर न उठाने से नाराज होकर दो दिन पूर्व भाजपा के पार्षद रचित गुप्ता, राम सिंह पाल पार्षद पति, धर्मवीर साहू वेदराम मौर्य व ज्ञान प्रकाश लोधी सीबीगंज मंडल अध्यक्ष बरेली सर्किट हाउस पहुंचे थे और वन मंत्री अरुण कुमार से इंस्पेक्टर सीबीगंज की शिकायत की थी। उनका मीडिया कर्मियों से भी अच्छा व्यवहार नहीं रहा।

## सिटी ब्रीफ

### ज्योति कॉलेज में डायबिटीज और बाल दिवस का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने नवाबगंज सीएचसी पर डायबिटीज डे का आयोजन किया। इस मौके पर पर सीएचसी के एमओआईसी डॉ. अमित गंगवार, डॉ. जितेंद्र ने डायबिटीज के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में बताया। जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा सपना, अभिषेक, महबिश, स्वाति ने ग्रामीणों को हैल्थ टॉक के माध्यम से डायबिटीज के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जीएनएम की छात्रा सपना ने किया। इसके अलावा ज्योति कॉलेज में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्राचार्या डॉ. अनीता चौहान ने बताया कि बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों का सम्मान करना चाहिए और उनका उत्साह बढ़ाना चाहिए। विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पैरामेडिकल के शिक्षक अजय प्रियदर्शी, शिवकुमार, डॉ. राहुल यादव ने किया।

### इनरव्हील क्लब बरेली दिव्य शक्ति ने स्कूल को लिया गोद



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली दिव्य शक्ति ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जूनियर हाईस्कूल करगैना को गोद लिया है। क्लब ने स्कूल को ग्रीन बोर्ड प्रदान किए हैं। विद्यालय में कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब 311 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुरुचि सक्सेना, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब की बरेली प्रेसीडेंट डॉ. मिथिलेश भदौरिया, सुधा त्यागी, सीजीआर, शिखा श्रीवास्तव, स्मिता भदौरिया ने बोर्ड प्रदान किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवलेश चंद्र पांडेय ने मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया। शिक्षिका प्रीति सक्सेना, विपिन गंगवार, इशिका यादव, निशा, किरन, रूप किशोर ने सहयोग किया। संचालन मीनाक्षी अस्थाना ने किया। क्लब की सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मॉडल पेपर किए अपलोड

- 18 फरवरी से शुरू होंगी हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी जारी होने के बाद विद्यार्थी तैयारियों में जुट गए हैं। बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटर के छात्रों के लिए मॉडल पेपर अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जिससे उन्हें पेपर का प्रारूप समझने में आसानी हो सके।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी को शुरू होकर 12 मार्च को संपन्न होंगी। परीक्षा की तिथियों के घोषित होने के साथ ही केंद्रों के निर्धारण की रूपरेखा भी जारी कर दी गई है। 17 नवंबर तक अपलोड की गई आधारभूत सूचनाओं, जियो लोकेशन का भौतिक सत्यापन डीएम की ओर से गठित तहसील स्तरीय समिति करेगी। समय सारिणी जारी होने के बाद विद्यालयों में जहां कोर्स तेजी के साथ पूरा कराया जा रहा है। वहीं, बच्चों ने भी पढ़ाई के लिए दिनचर्या में बदलाव शुरू कर दिया है। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारियां तेजी के साथ चल रही हैं। केंद्र निर्धारण के लिए सत्यापन को कमेटी का गठन भी हो गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए बोर्ड ने वेबसाइट पर मॉडल पेपर अपलोड किए हैं। जिसे देखकर बच्चे अपनी तैयारियां कर सकते हैं।

# बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

**बरेली, अमृत विचार:** भाजपा की बिहार चुनाव में प्रचंड जीत पर शुक्रवार की शाम सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर जमकर जश्न मनाया गया। जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के नेतृत्व में एक दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे छोड़े। सभी ने ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर डांस किया। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, गुलशन आनंद, देवेन्द्र जोशी, प्रभु दयाल लोधी, रेखा श्रीवास्तव, तृप्ति गुप्ता, विष्णु शर्मा, पुष्पेंद्र पटेल, डॉ. सीपीएस चौहान, मोहित अरोरा, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, अजय चौहान, प्रवेश वर्मा, विशाल कशोधन, सचिन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



सिविल लाइंस में भाजपा कार्यालय पर जश्न मनाते सांसद, विधायक व अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

वहीं आयुष मंत्रालय के हिंदी भाषा समिति एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के सदस्य दक्ष शर्मा पाराशर ने लोकतंत्र में जनता को सर्वोपरि बताते हुए भारी जीत पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। महिलाओं की लोकतंत्र में बड़ी सहभागिता भी भारतीय राजनीति का सुखद अनुभव है।

### एसआईआर बिहार की जीत का आधार

बिहार में भारी बहुमत से जीतने पर कैंट विधानसभा कार्यालय पर कैंट विधायक एवं प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। संजीव अग्रवाल ने कहा कि यह एसआईआर बिहार की जीत का आधार है। एसआईआर पर काम करें, जिससे कि हर किसी मतदाता का वोट बन सके। सबसे पहले अपना और अपने परिवार का वोट बनाएं। इस अवसर पर राज बहादुर सक्सेना, अरुण कश्यप, सोनू कालरा, अमरीश कठेरिया, बृजेश मिश्रा, हर्षित गुप्ता, गोपाल चानना, जयदीप चौधरी, हरिशंकर राजपूत, राज किशोर, प्रदीप गुप्ता, अनुज राठौर, भानू प्रताप सिंह, सचिन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# आईएएस बनने को कितने घंटे करें पढ़ाई

## डीएम से छात्राओं ने पूछा, डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुभाषनगर की छात्राओं से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट सभागार में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं से संवाद करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम आयोजित
- महिलाओं की समस्याएं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम अविनाश सिंह ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुभाषनगर की छात्राओं से संवाद किया। संवाद के दौरान कई छात्राओं ने सबसे पहले डीएम से आईएएस बनने के लिए कितनी देर तक पढ़ाई करने के बाबत सवाल पूछा। इस पर डीएम ने उत्तर देते हुए बताया कि आईएएस के लिए मन लगाकर कम से कम आठ से दस घंटे पढ़ाई करनी चाहिए।

डीएम ने छात्राओं को बताया कि आईएएस बनने के बाद 14 से 16 घंटे काम करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। इसके बाद छात्राओं ने सिलेबस के बारे में पूछा तो डीएम ने बताया, इसके लिए अभी से आपको करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, अखबार, न्यूज चैनल देखते रहना होगा। इसके बाद डीएम ने छात्राओं से वुमेंस इंडियन क्रिकेट टीम के बारे में पूछा कि टीम का कप्तान कौन है। कुछ बच्चों के सही जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूछने पर जवाब सृष्टि मिश्रा ने दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का भी कुछ बच्चों ने सही नाम बताया। सही जवाब देने वाली छात्राओं का डीएम ने उत्साहवर्धन भी किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, विधवा पेंशन योजना के विषय में जानकारी दी।

**- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्रों ने डीएम को बताईं समस्याएं**

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ पा रहे बच्चों और उनकी मांओं ने योजना की सराहना की। साथ ही समस्याओं को डीएम के सामने बयां किया। डीएम ने भी उनकी समस्या को ध्यानपूर्वक सुना। बीना सिंह ने बताया कि वह अकेली ही दो बच्चों की देखभाल कर रही है। उनका गुजारा बाल सेवा योजना से मिल रहे पैसों से ही हो रहा है। बताया कि दो बच्चों की फीस देने के बाद उनके पास बचत नहीं हो रही है। जिससे उन्हें दिक्कत हो रही है। इसलिए उन्होंने डीएम से दो बच्चों पर एक बच्चे की फीस माफ कराने का अनुरोध किया। जिस पर डीएम ने उन्हें फीस रसीद जमा कराने को कहा जिससे उनकी समस्या का निस्तारण किया जा सके। नन्ही और दिव्या की नानी ने बताया कि लड़की दामाद के गुजर जाने के बाद वह ही दोनों का ध्यान रख रही हैं।

उनके लिए बाल सेवा योजना के तहत मिलने वाले रुपए कम पड़ रहे हैं। एक विधवा ने बताया कि पति के गुजर जाने के बाद वह किराये के मकान में रहकर बच्चों की देखभाल कर रही हैं, जिससे उनका गुजारा मुश्किल से हो रहा है। इस पर डीएम ने पास में बैठे अधिकारियों से बात की और उनसे व्यापार करने के बारे में पूछा तो उस महिला ने व्यापार के लिए हामी भर दी। डीएम ने कहा कि आप निश्चय कीजिए कि कौन सा काम कर पाएंगी। इसके बाद आपको सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाया जाएगा।

### ताइक्वांडो की विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुभाष नगर की कक्षा छह की तीन छात्राएं शिखा गंगवार, वंशिका, नेहा ने पंजाब में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इन खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों को चॉकलेट वितरित की।

### केक काटकर मनाया बाल दिवस

जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया और बच्चों को मिष्ठान, जलपान का भी वितरण किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी परमेश्वरी, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन रिंकी सैनी, केंद्र प्रबंधक वन स्टाप सेंटर चंचल गंगवार, परामर्शदाता रसना गुप्ता, हरविंदर कौर, शारीन, सुमन गंगवार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी में शामिल हुए अखिलेश डॉ. अनीस बेग का बढ़ाया मान



सुल्तान बेग की बेटी की शादी में शामिल अखिलेश यादव, साथ में डॉ. अनीस बेग।

**बरेली, अमृत विचार:** पूर्व विधायक सुल्तान बेग की बेटी के विवाह समारोह में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शामिल हुए। उनके आगमन पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अनीस बेग और पूर्व विधायक सुल्तान बेग ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अखिलेश यादव ने बेग फैमिली को शुभकामनाएं दीं और नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बताया कि अखिलेश यादव का इस निजी पारिवारिक समारोह में पहुंचना डॉ. अनीस बेग के प्रति उनके सम्मान और आत्मीयता को दर्शाता है। शादी समारोह में शहर के प्रतिष्ठित लोग, डॉक्टर, समाजसेवी, राजनीतिक प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहे। अखिलेश यादव ने समारोह में कुछ समय बिताया, परिवारजनों से मुलाकात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं। कार्यक्रम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां, जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुलतानी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री आबिद राजा खां, सांसद नरेश उत्तम पटेल, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, विधायक संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### फीनिक्स वेडिंग फेस्ट का आज से आगाज

**बरेली, अमृत विचार :** शादी का सीजन शुरू होने पर फीनिक्स यूनाइटेड बरेली अपने शानदार फीनिक्स वेडिंग फेस्ट शॉपिंग फेस्टिवल का शनिवार से आरंभ कर रहा है। यह फेस्ट 30 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक ग्राहक फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल का बेहतरीन अनुभव करने के साथ ढेरों आकर्षक इनाम भी जीत सकते हैं। फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के रीटेल डायरेक्टर (नॉर्थ) संजीव सरीन ने बताया कि फीनिक्स वेडिंग फेस्ट हमारे ग्राहकों को एक यादगार शॉपिंग अनुभव देने का प्रयास है। हमने इसे इस तरह से डिजाइन किया है कि हर आने वाला व्यक्ति अपनी शादी की तैयारियों के लिए कुछ न कुछ खास लेकर जाए। 9,999 रुपये की खरीदारी पर एक सुनिश्चित गिफ्ट और दो लकी ग्राहकों को पांच हजार का गिफ्ट वाउचर सफारी लगेज की ओर से दिया जाएगा। योर जर्नी टू द परफेक्ट वेडिंग स्टार्ट्स हियर थीम के साथ यह आयोजन होगा। इस दौरान कई प्रसिद्ध ब्रांड्स जैसे श्रीराम एंड सन्स, मोहनलाल सन्स, रेमंड, लाइफस्टाइल, वुडलैंड, नायका, वीआईपी, बीबा, मैडम और शुगर पर आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं।

### 39 किसानों को मिले 13.40 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र



**बरेली, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से किसान पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को फरीदपुर क्षेत्र में किसान मेले का आयोजन किया गया। शहर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख बिशंभर दत्त के नेतृत्व में फरीदपुर, डाबोरा गंगापुर, नकटिया, परतासपुर, परसोना, उरलाजागीर, भुता के कुंआ डाडा, केसरपुर और फतेहगंज पूर्वी शाखाएं संयुक्त रूप से कार्यक्रम में शामिल रहीं। मुख्य अतिथि बरेली अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख प्रतीक अग्निहोत्री ने किसानों को बैंकिंग संबंधों की तीन सीढ़ियां बताईं। उप महाप्रबंधक, व्यवसाय वृद्धि अभय अग्रवाल ने आधुनिक खेती और ऋण योजनाओं पर चर्चा की। यूपी सिंह (मुख्य प्रबंधक, कैंप) ने ट्रैक्टर ऋण, कृषि गोल्ड लोन, एआईएफ, स्वयं सहायता समूह और कृषि प्रसंस्करण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं की ओर से 39 किसानों को कुल 13 .40 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं किसान पखवाड़ा के दौरान शहरी क्षेत्र की 48 शाखाओं ने अब तक 25 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए हैं। समापन पर शाखा प्रमुख इकबाल अरबी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### संघ ने गृह संपर्क अभियान किया शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शताब्दी वर्ष मनाने के अवसर पर जिले में गृह संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को स्वयंसेवकों ने शिवाजी मार्ग बस्ती, आलमगीरीगंज में अभियान शुरू किया। राम कथा स्थल नई घी मंडी में भगवान श्रीराम का पूजन किया। अभियान में मुख्य रूप से बस्ती पालक सुनील, बस्ती प्रमुख राजीव पंडित, गौरव शर्मा, अरविंद सक्सेना (प्रधानाचार्य), संजय शर्मा, रजत अग्रवाल, अर्पण गर्ग, प्रियांशु खण्डेलवाल, एमके भट्ट, आर्यन भारद्वाज, हर्ष अग्रवाल आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | चर्म रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 10 नवम्बर 2025 से 20 नवम्बर 2025 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों का सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4 - सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गवर्नमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल



नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## शहर में आज

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद, ब्रज प्रांत की वंदे मातरम् गीत की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में काव्य और विचार गोष्ठी का आयोजन शील ग्रुप के सिटी ऑफिस पर सायं 5 बजे से।
- जीआईसी परिसर में राष्ट्रीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता के मैच सुबह 9 बजे से।
- बाबा महाकाल सेवा ट्रस्ट की ओर से कृष्णा नगर कालोनी, काशीनाथ लॉज दुर्गा नगर में पूर्ण आहुति 10 बजे और कन्या भोज 11 बजे।
- गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा दुख निवारण में कीर्तन दरबार दोपहर 9 बजे से।
- ऑन्कोलॉजी पर आयोजित क्लीनिक मीटिंग आईएमए भवन में रात 9 बजे।

## हनुमान चालीसा का पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** एएलएम पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के मौके पर बाल रामायण संस्था ने बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ कराया। बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने चाचा नेहरू पर स्वरचित गीत बच्चों को सुनाए। प्रधानाचार्य प्रभाष चंद्र सक्सेना ने बच्चों को सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र बांटे। इस मौके पर अतुल शर्मा, शिवेंद्र सक्सेना, प्रेमपाल, आरती, प्रियंका मौजूद रहे।

# बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश सेमीफाइनल में

## क्वार्टर फाइनल में यूपी ने गुजरात को हराया, राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आज होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली और असम की बालिका टीमें भिड़ती हुईं।



जीत का जश्न मनाती यूपी बालक वर्ग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित अंडर-17 वर्ग की 69 वीं राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन प्री क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने सेमी फाइनल में जगह बनाई।

बालिका वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल ने पंजाब को, हरियाणा ने कर्नाटक को, केरल ने गुजरात को, पुदुचेरी ने छत्तीसगढ़ को, हिमाचल प्रदेश ने केवीएस को, असम ने दिल्ली को, विद्या भारती ने उत्तर प्रदेश को, राजस्थान ने मिजोरम को हराया। वहीं क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल ने हरियाणा को, केरल ने पुदुचेरी को, हिमाचल प्रदेश ने असम और राजस्थान ने विद्या भारती को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

**बालक वर्ग में इन टीमों ने जीते मैच :** बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में मणिपुर ने हिमाचल प्रदेश, राजस्थान ने छत्तीसगढ़ , सीबीएसई ने आंध्र प्रदेश, पंजाब ने पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु, गुजरात ने महाराष्ट्र, हरियाणा ने असम, उत्तराखंड ने केवीएस को हराया। वहीं क्वार्टर फाइनल में मणिपुर ने राजस्थान को, उत्तरप्रदेश ने गुजरात को, सीबीएसई ने पंजाब को और उत्तराखंड ने हरियाणा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इससे शुक्रवार को कार्यक्रम की एडीजी रमित शर्मा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने शुरुआत की। माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हो रहे हैं। इस आयोजन से छात्रों में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी नीरज उर्फ यादवेंद्र पाठक, प्रधानाचार्य जीआईसी ओपी राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन नईम अहमद ने किया। उप प्रधानाचार्या कुसुम राजपूत, अर्चना राजपूत परवीन खोखर, निशान्त शर्मा, शाहिद रजा, कमल तिवारी, निर्भय गुर्जर, डा. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डा. विमल भारद्वाज, संजीव शर्मा, डा. पुनीत अग्रवाल, डा. शरद अग्रवाल, शशि देवी वर्मा, कुनाल चौधरी आदि मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि कल आखिरी दिन होने वाली फाइनल प्रतियोगिता के मैच और भी रोमांचक होंगे, जिनका इंतजार खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को बेसब्री से है।

# जो छात्र बढ़ते हैं, गिरते हैं, उठते हैं, वही सफल होते हैं: सीईओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हार्टमन कॉलेज में खेलकूद वार्षिकोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार:** हॉर्टमन कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद वार्षिकोत्सव की शुक्रवार को प्रधानाचार्य फादर अनिल कुल्लू ने शुरुआत की। मुख्य अतिथि कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन ने कहा कि वार्षिकोत्सव में हमें बच्चों का जोश, उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि जो छात्र बढ़ते हैं, गिरते हैं, उठते हैं, वही सफल होते हैं।

कक्षा नर्सरी की यूएफओ दौड़, पांच की फ्लाइंग हार्स दौड़, दो और तीन के छात्रों की फ्यूजन ऑफ रेस, केजी की ड्रिल ऑफ किंडरगार्टन नेचर इन मॉशन, एक से पांच की बाधा दौड, चार की रिले रेस और एक और दो की ड्रिल प्रतियोगिताएं हुईं। विशिष्ट अतिथि फादर फिलिप लाकरा ने कहा कि हम किसी से कम नहीं है, यह सोचते हुए आगे और आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य फादर समीर लाकरा, फादर किशोर लाकरा, फादर विल्सन पास्कल आदि उपस्थित रहे। सभी विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए। सफल संचालन शैक्षणिक प्रभारी डॉ. शालिनी जुनेजा ने किया।



हार्टमन कॉलेज में वार्षिक खेलकूद उत्सव में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

# सृष्टि माहेश्वरी का हुआ नागरिक सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली




बच्चों को सम्मानित करतीं अभिनेत्री सृष्टि और प्रिंसिपल प्रियंका। ● अमृत विचार

- माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

**अमृत विचार:** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह ''विवित्सा'' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने डिजिटल इंडिया और विकसित भारत विषयों पर प्रस्तुति दी। बरेली निवासी बॉलीवुड अभिनेत्री सृष्टि माहेश्वरी का नागरिक सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि कारगिल वार के हीरो नायक दीपचंद ने छात्रों को प्रेरित किया।

रामपुर गार्डन ब्रांच के छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया।10 छात्रों को 100 फीसदी अटेंडेंस, 72 छात्रों को अप्रेसिअशन, 12 अभिभावकों को पेरेंट्स और नौ छात्रों को प्रोफिसिएंसी अवार्ड मिले। इसके अलावा 13 छात्रों को पांच-पांच हजार की स्कॉलरशिप दी गई। कक्षा 10 के टॉपर आशना चावला, भव्य अग्रवाल और कक्षा 12 की टॉपर पाहुनी बरतरिया को 21-21 हजार का नकद पुरस्कार मिला। मनोरमा अग्रवाल अवार्ड फॉर एक्सेम्पलरी डिसिप्लिन अवार्ड जूनियर वर्ग में अस्मिता सिंह और शिवांश वर्मा को सीनियर वर्ग में आशना चावला व नमन खंडेलवाल को मिला। रानी स्मृति एक्सीलेंस अवार्ड चित्रांश गंगवानी को, अरुणिमा जैन अवार्ड फॉरमेरिट आभास सिंह राठौर को, एमडी अग्रवाल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस राभ्या कृष्ण को, श्री चतुरभुज अग्रवाल स्क्रॉल ऑफ ऑनर दिव्यांशी सिंह को मिला। कक्षा 10 की बोर्ड क्लासेज की टीचर्स को 75 हजार रुपये और कक्षा 12 की टीचर्स को 50 हजार रुपये का कैश प्राइज दिया गया। प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, एमडी चन्दना अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका सरकार आदि मौजूद रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में सोनम रहीं प्रथम

**बरेली, अमृत विचार:** मानव सेवा क्लब की ओर से शुक्रवार को बाल दिवस पर वात्सल्य सेवा संस्थान के विशेष बच्चों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 25 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें सोनम प्रथम, राधिका द्वितीय और काव्या तृतीय रहीं। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा, क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, प्रदीप माधवार, मधु वर्मा, अरुणा सिन्हा, प्रकाश चंद्र सक्सेना ने बच्चों को पुरस्कृत किया। क्लब के सदस्यों ने गीत सुनाए। सबसे अच्छा गीत सुनाने पर प्रतीक शर्मा को पुरस्कृत किया गया। चेतना सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सक्सेना, राजेश प्रकाश, एएल गुप्ता, आशिमा गुप्ता, सुधीर मोहन, बेबी शर्मा, सुनील शर्मा, जितेन्द्र सक्सेना, रश्मि सक्सेना, विजय शर्मा आदि लोग रहे।

# वेस्कुलर सर्जन ने बताई इलाज की आधुनिक तकनीक

- बीआईयू के रोहिलखंड मेडिकल कालेज में हुआ गेस्ट लेक्चर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. चोपड़ा।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में व्याख्यान में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी । ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल से आए प्रसिद्ध वेस्कुलर सर्जन डॉ. जैसोम चोपड़ा ने अतिथि व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा इंटर्न्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डॉ. चौपड़ा ने वेस्कुलर सर्जरी से संबंधित कई महत्वपूर्ण एवं उन्नत विषयों पर विस्तार से चर्चा की, जिनमें नवीन शल्य-तकनीकें, लेजर आधारित उपचार, रोगी चयन का महत्व, जटिलताओं की रोकथाम के साथ ही इलाज की नवीनतम एंटीकॉगुलेंट थेरेपी, थ्रोम्बोलाइसिस तकनीक, इंटरवेंशनल मैनेजमेंट संबंधी अनुभव भी साझा किए। उन्होंने क्लिनिकल महत्व, नवीन अनुसंधान, नवीन उपकरणों के उपयोग और वास्तविक केस स्टडीज के माध्यम से उपचार के व्यावहारिक पहलुओं को अत्यंत स्पष्ट एवं सरल तरीके से समझाया। प्रतिभागियों को आधुनिक वेस्कुलर मैनेजमेंट के प्रति एक नई दृष्टि भी प्रदान की। इस अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ. शरद सेठ, डॉ. सीमा सेठ, संस्थान के समस्त चिकित्सक, रेजीडेंट और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान समेत समस्त छात्र-छात्राएं व स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी




### नेहरू जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान

**बरेली, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया, जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू की याद में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका राधा सिंह, निदेशक निर्भय बेनीवाल और प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने नेहरू जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक और छात्रों के बीच फुटबॉल और खो-खो प्रतियोगिताएं हुईं। दोनों ही प्रतियोगिताओं की ट्रॉफी विद्यार्थियों के नाम रही। विजयी टीम को विद्यालय प्रबंधन ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। निदेशक ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा और विकास के लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने कहा कि पंडित नेहरू के आदर्श और मूल्य राष्ट्र निर्माण के लिए अनुकरणीय हैं।



### शिक्षकों ने बताईं समस्याएं

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को संरक्षक राज बहादुर सिंह चंदेल, सदस्य विधान परिषद अध्यक्ष चेत नारायण सिंह के साथ अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सेन शर्मा से उनके कार्यकाल में मिला। इस दौरान वित्त विहीन विद्यालयों में सेवा नियमावली और मानदेय दिलाने, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, तदर्थ शिक्षकों के विनियमितिकरण, एनपीएस अपडेट किए जाने, एनपीएस से ओपीएस में शामिल शिक्षकों का जीपीएफ में धनराशि उपलब्ध कराने, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन, व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा, बोर्ड परीक्षा में पारिश्रमिक में वृद्धि किए जाने समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया और प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### कविताओं से किया भाव विभोर

**बरेली, अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर स्थित एसएसवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस पर बाल स्वच्छता मिशन का आयोजन किया गया। साथ ही खेल कूद, निबंध, कविता, चित्रकला और पेंटिंग गतिविधियां भी कराई गई। छोटे बच्चों ने विभिन्न आकर्षक एवं मोहक कविताओं से सबको भाव विभोर कर दिया। विद्यालय अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने कहा कि बच्चे ही राष्ट्र का सच्चा भविष्य और सबसे बड़ी पूंजी हैं। यह दिन याद दिलाता है कि हर बच्चे को प्यार, सुरक्षा, शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। प्रबंधक साकेत सुधांशु शर्मा ने बाल स्वच्छता मिशन के तहत स्कूल व अपने घर आस-पास को साफ रखने पर बल दिया। हमें सिर्फ अच्छा छात्र नहीं, बल्कि अच्छा इंसान भी बनना है।

### अवंतीबाई कॉलेज में वंदे मातरम् का गायन किया



**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र कुमार और छात्राओं के संयोजन में वंदे मातरम् गीत का गायन किया। इसका उद्देश्य छात्राओं में स्वाधीनता संग्राम में शहीद हुए वीरों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए राष्ट्रीय भावना जागृत कर देश के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। रेंजर प्रभारी डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हिम शिखा यादव के निर्देशन में रेंजर्स की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. संध्या रानी के संरक्षण में हुआ। नोडल अधिकारी प्रो. दीपा अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. रंजू राठौर, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. अनुभूति, डॉ. अनु महाजन, डॉ. दिनेश सिंह, कार्यालय प्रभारी राजकुमार, रॉकीर, गजेंद्र पाल, डॉ. एकता सिंह उपस्थित रहे।

# स्तनपान कराने के सही तरीके बताए

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तिशा कंसल्टेंसी की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम की शुरुआत करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार को तिशा कंसल्टेंसी (एलएलपी) की ओर से व्यापक स्तनपान प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह, उप प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी और तिशा कंसल्टेंसी से आये अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

डॉ. प्रियंका ए मसीह ने बताया कि तिशा कंसल्टेंसी से एसआर मैनेजर कोमिला शर्मा, रेन्जित टीआर, तनीशा गुप्ता और सक्षम उपस्थित रहे। एसोसिएट प्रोफेसर प्रिन्सिया रोलिटा डिसूजा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान तिशा कंसल्टेंसी की विशेषज्ञ टीम ने मां और नवजात के स्वास्थ्य में स्तनपान शुरू करने का महत्व, सही स्तन पोजिशन और उनके समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों को स्तनपान तकनीक, दूध की मात्रा बढ़ाने के उपाय, स्तन स्वास्थ्य और कार्यरत माताओं के लिए सुरक्षित संग्रह एवं उपयोग जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही प्रतिभागियों के लिए प्रश्नोत्तर सत्र और पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। पोस्टर प्रजेंटेशन में जीएनएम की छात्रा राखी प्रथम, बीएससी की छात्रा निकिता बड़ोई द्वितीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका असिस्टेंट प्रोफेसर तरून ध्यानी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं नर्सिंग छात्रों को मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में दक्ष बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का आयोजन पीजी नर्सिंग ट्यूटर महिमा सिंह व वैभव सिंह ने किया।

# सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्ची दोस्ती का उदाहरण

- सातवें दिवस सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, होली महोत्सव के साथ भागवत विश्राम

**बरेली, अमृत विचार:** दुर्गानगर में कृष्णा कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने विश्राम दिवस पर श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, परीक्षित मोक्ष, होली महोत्सव, भागवत विश्राम आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा और श्री कृष्ण की मित्रता निस्वार्थता, ईमानदारी और सच्ची दोस्ती का उदाहरण हैं।

इस मित्रता से हमें यह सीखना चाहिए कि दोस्ती में स्वार्थ नहीं, बल्कि निस्वार्थ प्रेम और आपसी सम्मान होना चाहिए। सुदामा भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। कथा के यजमानों ने श्रीमद्भागवत और व्यास का पूजन किया। इसके बाद फूलों की होली खेली गई। राधा कृष्ण के स्वरूप की भव्य झांकी भक्तों का मन मोह रही थी। यजमान अरविन्द अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल और व्यवस्थापक अजय राज शर्मा ने बताया भागवत कथा का शनिवार सुबह 10 बजे पूर्णाहूति और 11 बजे कन्या भोज के साथ विश्राम होगा। विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्या पुष्पा पांडेय, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, आईएमए उत्तर प्रदेश के इलेक्ट अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल, अमित पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, डॉ. एमएम अग्रवाल, मुकुल मिश्रा, राजीव शर्मा, लवलीन कपूर, पवन सक्सेना, रतन शर्मा, आशु अग्रवाल, अमित भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्यक्रम — बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कार्यक्रम आयोजित

# जन्मदिन पर नेहरू का जीवनदर्शन बताया



बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी । ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम ( प्रथम चरण ) के अंतिम दिन विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। इसमें 350 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण राष्ट्रीय स्तर पर जारी स्मारक डाक टिकट और सिक्के के विमोचन से संबंधित प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन रहा, जिसने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ में राष्ट्र भक्ति की भावना को और प्रबल किया। इसी अवसर पर बाल दिवस भी मनाया गया, जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों के प्रति स्नेह और उनके जीवन दर्शन को याद किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरल जीवनशैली, बच्चों के प्रति उनके प्रेम और देश निर्माण में उनके योगदान को विस्तार से बताया। आयोजन का सफल समन्वय डॉ. शैलेंद्र कुमार वर्मा और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार शर्मा ने किया। अंत में बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

## वंदे मातरम् और स्वतंत्रता आंदोलन का महत्व बताया



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित फेज-1 गतिविधियों का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिन क्विज और डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन, वंदे मातरम् के महत्व व सामान्य जागरूकता से जुड़े प्रश्नों के उत्तर बड़ी उत्सुकता और तत्परता से दिए। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति और युवा शक्ति की भूमिका जैसे विषयों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। फैकल्टी के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं ने छात्रों में न केवल ज्ञान और चिंतन क्षमता को बढ़ाया है, बल्कि देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने का अवसर भी प्रदान किया है। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार, डॉ. स्वर्णिमा सिंह, मनीषा सक्सेना, श्रेया भारद्वाज, डॉ. अनमोल शर्मा और एकेडमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा मौजूद रहे। अंत में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने फेज-1 गतिविधियों के सफल आयोजन पर कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में राष्ट्रप्रेम, ज्ञान-विस्तार और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।